भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

द्वि-मासिक समाचार पत्र

यमुना संदेश

सच की राह

राष्ट्रीय समाचार पत्र (हिन्दी)

Title : HARHIN/11578

यमुनानगर से प्रकाशित

समाचार पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें

कानूनी सलाहकार :
रीटा खारवर, एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली
साहब सिंह गुर्जर, एडवोकेट, यमुनानगर

Regd. Registrar Newspaper of India Ministry of Information & Broadcasting

367-F, PROFESSORCOLONY, YAMUNA NAGAR-135001 (HARYANA) • Mob. 93155-55560, 93557-77739

मुख्य संपादक : सत्यम नागपाल

वर्ष-01/ अंक 10 | यमुनानगर, सोमवार 26 जनवरी 2026 | Website : yamunasandesh.com | Email: yamunasandesh2@gmail.com | मूल्य : 5.00 प्रति कॉपी

डिजिटल अरेस्ट से घबराये नहीं, 1930 पर कॉल कर करें पुलिस को शिकायत दर्ज : पुलिस अधीक्षक

यमुना संदेश,सत्यम नागपाल : पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि आपके बेटे या बेटी का नाम लेकर कहा जाये कि वह कहा है और अगले ही पल पर कहा जाये कि मै नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई या पुलिस से बोल रहा हु और वह हमारी हिरासत मे है। ड्रग्स या अन्य किसी गतिविधि मे शामिल होने की वजह से उसे पकडा गया है। इसके अलावा आपके नाम विदेश से पार्सल आया और उसमे आपतिजनक वस्तु होने की बात कही जाये तो तुंरत सतर्क हो जाये। यह साइबर ठगो का काम हो सकता है। साइबर ठग आपको डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बना सकते है। ऐसे हालात मे घबराये नही सचेत रहे और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुंरत कॉल करे।

क्या है डिजिटल अरेस्ट : यह साइबर ठगो द्वारा अपनाया जाने वाला ठगी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट के मामलो मे ठग किसी सरकारी एजेंसी का अफसर या पुलिस अफसर बनकर वीडियो कॉल करते है। वीडियो कॉल के बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लिया जाता है। जिसे देखने वाला हर व्यक्ति डर जाता है और उनकी बातो मे आ जाता है। इसमे पीडित को फोन कर झूठे मामले में पहले काफी डराया जाता है। कहा जाता है कि उपर मामला दर्ज किया जा रहा है, जिससे वह डर जाता है। इसमे वीडियो कॉलिंग के द्वारा पीड़ति को घर मे बंधक बना लिया जाता है। ठगो द्वारा व्यक्ति को 24 घंटे उनके संपर्क में रहने के लिये सर्विलंस पर फोन या वेबसाइट के जरिये नजर रखने की बात कही जाती है। अपराधी इस दौरान आपको वीडियो कॉल से हटने भी नही देता है और न ही किसी को कॉल करने देते है। लंबी सजा और बडे जुर्माने व समाज मे अपमान होने के डर से पीडित ठगो द्वारा कही हर बात को फॉलो करता है। इस दौरान ठग केस को रफा-दफा करने के लिये पीडित से पैसे मांगता है और पीडित उसे रकम भी दे देता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट मे पीडित को स्काइप के माध्यम से निगरानी मे रखा जाता है। और ठगी करने के बाद ही उसे मुक्त किया जाता है। राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर डिजिटल अरेस्ट की शिकायतो मे अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई विभाग, आरबीआई और ईडी जैसी ऐंजिसियो के अधिकारी बताकर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट जैसी वारदातो को अंजाम देते है। ऐसे जालसाजो से बचकर रहे और तुंरत शिकायत साइबर हैल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करे।

गोदाम से पुरानी विरासत के दुर्लभ बर्तन चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

यमुना संदेश, संजीव ओबरॉय : कुरुक्षेत्र पुलिस ने गोदाम से पुरानी विरासत के दुर्लभ बर्तन चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने गोदाम से पुरानी विरासत के दुर्लभ बर्तन चोरी करने के आरोप में रजत व योगेश वासीयान खानपुर कोलियां जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से चोरीशुदा करीब 200 बर्तन बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 8 जनवरी 26 को महा सिंह वासी सैक्टर-5 कुरुक्षेत्र ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में निदेशक के पद पर कार्यरत है। वह गांव मसाना के पास के विरासत होटल बना रहा है। होटल के अंदर एक गोदाम बना हुआ है जहाँ पर उसने अलग-अलग जगहों से खरीदकर लाए पुरानी विरासत के बर्तन रखे हुए हैं। दिनांक 8 जनवरी की सुबह उसने गोदाम चैक किया तो वहां से काफी संख्या में

किसी नामालूम चोर ने वहां रखे बर्तन चोरी कर लिए हैं। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 द्वारा की गई। 20 जनवरी 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहनलाल के दिशा-निर्देश में मुख्य सिपाही जगदीप, सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार, राजेश कुमार, मुख्य सिपाही संजीव व सिपाही विकास कुमार की टीम ने गोदाम से पुरानी विरासत के दुर्लभ बर्तन चोरी करने के आरोपी रजत व योगेश वासीयान खानपुर कोलियां जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से चोरीशुदा करीब 200 बर्तन बरामद किये गये। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया।

संपादकीय....



सत्यम नागपाल

नमस्कार : 26 जनवरी का पावन दिन हमारे देश के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय है। यह वही दिन है जब भारत ने अपने संविधान को अपनाकर स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। यह दिन हमें हमारे संविधान निर्माताओं के त्याग, दूरदर्शिता और संघर्ष की याद दिलाता है, जिन्होंने हमें समान अधिकार, न्याय और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। गणतंत्र दिवस हमें यह संदेश देता है कि भारत की असली शक्ति सिर्फ उसकी सीमाओं या संसाधनों में नहीं, बल्कि उसके नागरिकों की एकता, भाईचारे और कर्तव्यनिष्ठा में निहित है। जब हर नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझेगा, तभी हमारा लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। आइए, इस राष्ट्रीय पर्व पर हम यह संकल्प लें कि हम जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर देश की अखंडता और एकता को सर्वोपरि रखेंगे।

हम संविधान के आदर्शों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को अपने जीवन में उतारकर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देंगे। देश की उन्नति, शांति और गौरव के लिए मिलकर आगे बढ़ें।

जय हिंद ! वंदे मातरम !

जन-जन को भाने लगा है सीएम का सादगी भरा अंदाज

सीएम बनाने का भाजपा का फैसला हो रहा है कारगर साबित

नसीब सैनी, डीपीआरओ, कैथल

यमुना संदेश,सत्यम बलविन्द्र सिंह : भारतीय जनता पार्टी के साधारण कार्यकर्ता से लेकर प्रदेशाध्यक्ष और सरकार में राज्यमंत्री से मुख्यमंत्री तक हर भूमिका में स्वयं का साबित कर चुके नायब सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में अनूठी पहचान बना रहे हैं। आम जन सा दिखने वाला यह मुख्यमंत्री जब अपने जीवन के 56 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, तो प्रदेश की राजनीति के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भी पार्टी के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। नारायणढ़ के छोटे से गांव में जन्मा हरियाणा सरकार का यह नायक बिहार व दिल्ली के चुनाव में सफल रहा ही है अब पंजाब में लोकप्रियता के नए मुकाम छू रहा है। प्रदेश की महिलाओं को 2100 रुपए प्रतिमाह देने का वायदा निभाकर सबका भाई बन चुका यह राजनेता सत्ता के शिखर पर बैठ कर भी सबको अपना सा लगता है। अपने ठेठ हरियाणवी सरल, सौम्य अंदाज में आम जन के दिलों में लगातार जगह बना रहे 25 जनवरी 1970 को जन्में नायब सिंह सैनी ने राजनीतिक ककहरा भाजपा की पाठशाला में ही सीखा। उन्होंने अंबाला में बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर राजनीतिक पाठशाला में दाखिला लिया। इसके बाद वे किसान मोर्चा में महामंत्री बनें। इस दौरान गाय के संरक्षण के लिए चले अभियान में भी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सक्रिय से भाग लिया। बाद में वे अंबाला में भाजपा के अध्यक्ष भी बनें। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2009 का विधानसभा चुनाव भी नायरायणगढ़ हलके से लड़ा लेकिन पहला चुनाव वे हार गए। इसके बाद भी उन्होंने सक्रियता जारी रखी। उन्होंने अगला चुनाव वर्ष 2014 का भी नारायणगढ़ हलका से लड़ा और 24 हजार से अधिक वोटों से विजयी हुए। पहले ही चुनाव में जब वे जीते तो भाजपा ने भी स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाई। पहली ही बार में विधायक बनते ही उन्हें राज्यमंत्री बनाया गया। इसके बावजूद वे पार्टी संगठन के कार्यालयों से जुड़े रहे और बारीकि से संगठन मजबूती में प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ जुटे रहे। इसके बाद उनका राज्यमंत्री का कार्यकाल पूरा भी नहीं हुआ था कि उन्हें कुरुक्षेत्र लोकसभा से वर्ष 2019 का भाजपा का टिकट थमा दिया गया। इस राजनीतिक युद्ध में भी वे जीते। बतौर सांसद भी उन्होंने अपने कार्य से अमिट छाप छोड़ी और वे कैथल व कुरुक्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने आमजन के बीच रहकर उनके कष्ट दूर करवाए। चाहे कैथल में ऑक्सीजन प्लांट की बात हो या फिर उस समय ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर उपलब्ध करवाने की बात हो। दवाओं से लेकर उन्होंने आमजन को मास्क व सैनीटाइजर वितरित करवाने के लिए लगातार अभियान चलवाए। बतौर सांसद उनका कार्यकाल शानदार रहा था यही कारण है कि भाजपा आला कमान उनके कार्य की इतना मुरीद हो गई कि उन्हें हरियाणा भाजपा के संगठन की कमान सौंप दी गई। सीएम की जमीनी स्तर पर समस्याओं की पकड़ इतनी गहरी है कि उन्होंने दाखिले के समय ही अनुसूचित जाति के बच्चों को छात्रवृत्ती देने के आदेश जारी किए। मुख्यमंत्री की अगुवाई में निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से 121 एचसीएस एलाइड सर्विसेज के अधिकारियों का परिणाम जारी कर युवाओं को सुनहरे भविष्य का रास्ता खोला। खेलों को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने ग्रुप सी की नौकरियों में पात्र खिलाडियों को तीन प्रतिशत अलग से कोटा देने का ऐतिहासिक फैसला लिया।

पिछड़ा वर्ग को लाभ देते हुए नायब सिंह सैनी ने स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों की पेंशन को 25 हजार से बढ़ाकर 40 हजार कर दी। साथ ही आपातकाल में सेनानियों व हिंदी आंदोलन के सेनानियों की पेंशन दस हजार से बढ़ाकर 20 हजार कर दी। उन्होंने जून 2024 में ही प्रदेश में जल वितरण व्यवस्था के लिए एक हजार करोड़ की भारी भरकम राशि की मंजूरी दी। नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में तीन लाख रुपये तक निशुल्क किडनी व लीवर ट्रांसप्लांट की सुविधा देने का ऐतिहासिक फैसला लिया। उन्होंने इसी अवधि जून 2024 में एचकेआरएन के कर्मचारियों के वेतनमान में बढ़ौतरी का फैसला लिया। इसके साथ ही उन्होंने नगर पालिका, नगर परिषद के सफाई कर्मियों का न्यूनतम मानदेय 17 हजार करने व ग्रामीण सफाई कर्मियों का मानदेय 16 हजार करके विशेष तोहफा देने का काम किया। कई साल से हरियाणा में सरपंचों के लिए मुद्दा बनी समस्या का समाधान करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी ने बिना टेंडर लगाए कार्य करवाने की सीमा 21 लाख तक तय करने व सरपंचों को हरियाणा में टीए व डीए देने का पहली बार ऐतिहासिक फैसला लागू किया। वन मित्रों को भी बीस रुपये प्रति पेड़ देने का फैसला लिया।

सीएम नायब सिंह सैनी ने अग्निवीर योजना में काम करके आने वाले युवाओं को रोजगार की गारंटी देने की पहल करते हुए कांस्टेबल, माइनिंग गार्ड, फोरेस्ट गार्ड व जेल वार्डन व एसपीओ की सीधी भर्ती में पहले दस प्रतिशत आरक्षण बाद में पुलिस भर्ती में इस कोटो को बढ़ाकर 20 प्रतिशत देने वाला हरियाणा का पहला राज्य बनाने का काम किया।

विद्यार्थियों ने बेकार कचरे से अच्छी कलाकृतियां बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

यमुना संदेश, दलजीत सिंह बाजवा : नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत मुकंद पब्लिक स्कूल में वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बेकार कचरे व सामान से अच्छी कलाकृतियां बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, रीसाइक्लिंग, पर्यावरण संरक्षण एवं नवाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित इस गतिविधि में विद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने बेकार प्लास्टिक बोतलों से कमल के फूल, पक्षियों के लिए घर, पुराने टायरों में पौधारोपण कर 'वेस्ट टू वेल्थ' का संदेश, बोतलों के ढक्कनों से स्वच्छता वॉल, वेस्ट मटेरियल से एरिया मॉडल, डस्टबिन एवं स्वच्छ मोहल्ला थीम पर विभिन्न मॉडल तैयार कर अपनी रचनात्मकता का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन, आईईसी विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार, सहयोगी गगन बेनीवाल ने विद्यार्थियों को कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग (रीयूज), रीसाइक्लिंग एवं कचरा कम करने के व्यावहारिक तरीकों की जानकारी दी। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार की ओर से स्वच्छता संदेश में बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि ज्ञान, सृजन और स्वच्छता एक-दूसरे के पूरक हैं। वेस्ट टू आर्ट जैसी गतिविधियां बच्चों को रचनात्मक सोच के साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाती हैं और कचरे को संसाधन में बदलने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा इस पहल के माध्यम से नागरिकों को कबाड़ से कमाल करने और स्वच्छ व सुंदर यमुनानगर के निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने नगर निगम का आभार जताया।

नितिन नबीन का चयन भाजपा की कार्यकर्ता-संस्कृति की जीत : मदन चौहान

यमुना संदेश, लाल सिंह : भारतीय जनता पार्टी में नितिन नबीन का 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चयन केवल एक संगठनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि भाजपा की उस विचारधारा की पुष्टि है जिसमें कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति होता है। यह बात पूर्व मेयर एवं प्रदेश अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा, भाजपा हरियाणा मदन चौहान ने अपने विशेष वक्तव्य में कही। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन का राजनीतिक सफर युवा मोर्चा से शुरू होकर पाँच बार विधायक बनने, राज्य सरकार में मंत्री रहने और अब राष्ट्रीय संगठन की सर्वोच्च जिम्मेदारी तक पहुँचना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा में अवसर और दायित्व परिश्रम, अनुशासन और संगठन के प्रति निष्ठा के आधार पर मिलते हैं, जिससे देशभर के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मदन चौहान ने कहा कि इस भावना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संदेश से और मजबूती मिली, जिसमें उन्होंने नितिन नबीन को बधाई देते हुए कहा— अब नितिन नबीन मेरे बॉस हैं, मैं पार्टी का साधारण कार्यकर्ता हूँ। उन्होंने कहा कि यह कथन केवल विनम्रता का नहीं, बल्कि भाजपा की आत्मा का प्रतिबिंब है, जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता समान है और संगठन सर्वोपरि है, तथा नेतृत्व सेवा का माध्यम माना जाता है, अधिकार का नहीं। मदन चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगा, युवाओं व कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियाँ मिलेंगी और पार्टी की विचारधारा जमीनी स्तर तक और प्रभावी ढंग से पहुँचेगी, जिससे भाजपा आने वाले समय में और ऊँचाइयों को छुएगी।

बाल विवाह कानून के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

यमुना संदेश, रोजी सैनी : डी.ए.वी. कॉलेज फॉर गर्ल्स के वुमेन स्टडी सेंटर व लीगल लिट्रेसी सेल ओर से बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। एडवोकेट अमिता कुमारी मुख्य वक्ता रहीं। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ सुरिंद्र कौर व लीगल सेल इंचार्ज डॉ शिखा सैनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ अमनप्रीत कौर व प्रिया ने को-ओडिनेटर की भूमिका अदा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें अपने अधिकारों एवं संबंधित कानूनों की जानकारी प्रदान करना था। अमिता कुमारी ने बाल विवाह से जुड़े कानूनी प्रावधानों, इसके सामाजिक दुष्परिणामों तथा इसे रोकने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने एवं समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। अधिवक्ता अमित कुमारी ने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या सहायता की आवश्यकता होने पर वे हेल्पलाइन नंबर 1098, 15100 तथा मोबाइल नंबर 17322020840 पर संपर्क कर सकती हैं। इस दौरान उन्होंने छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों को सहजता से उत्तर दिया। डॉ. सुरिंदर कौर ने कहा कि बाल विवाह समाज की प्रगति में एक गंभीर बाधा है और इसे समाप्त करने के लिए शिक्षा एवं जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाला एक आरोपी किया काबू

यमुना संदेश, सोनाली शर्मा : विगत सायं जिला पुलिस करनाल की सीआईए-1 टीम ने स्नैचिंग की वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सहायक उप निरीक्षक कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में की गई।पुलिस टीम द्वारा स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी प्रदीप पुत्र विक्रमाजीत, निवासी स्टेशन एरिया, नीलोखेड़ी, जिला करनाल को पिंगली चौक, करनाल से काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से 3,000 नकद बरामद किए गए हैं। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता धर्म सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह दिनांक 12 नवंबर 2024 को सायं के समय गांव निगदू की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों ने उसके साथ छीना-झपटी करते हुए उसके पैसे छीन लिए और मौके से फरार हो गए। इस संबंध में थाना निगदू में स्नैचिंग की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच इकाई द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से की गई प्राथमिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसके खिलाफ उक्त मामले के अतिरिक्त स्नैचिंग, लड़ाई-झगड़े तथा आर्म्स एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी को आज माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया गया है।

नगर निगम ने मॉडल टाउन व छोटी लाइन से लगे हुए हटाए अवैध होर्डिंग व बोर्ड

यमुना संदेश,साक्षी ओबराय : नगर निगम की टीम ने वीरवार को विशेष अभियान चलाकर मॉडल टाउन व छोटी लाइन पर विभिन्न स्थानों पर लगे अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर व बोर्ड हटाए। यह बोर्ड, होर्डिंग व बैनर दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे सड़क पर लगाए हुए थे। कुछ दुकानदारों ने बोर्ड रखकर अतिक्रमण किया हुआ था। जिससे आमजन को परेशानी व यातायात प्रभावित हो रहा था। वहीं, अवैध रूप से लगे ये होर्डिंग व बैनर शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहे थे। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर एसडीओ राजेश शर्मा के नेतृत्व में यह होर्डिंग व बैनर हटाए गए। एसडीओ राजेश शर्मा ने बताया कि नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शहर की सड़क किनारे अवैध रूप से रखे व लगाए होर्डिंग और बैनर हटाने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देशों पर कनिष्ठ अभियंता विवेक त्यागी की टीम ने वीरवार को मॉडल टाउन व छोटी लाइन पर विभिन्न स्थानों पर लगे होर्डिंग, बैनर, साइन बोर्ड, पोस्टर व अन्य विज्ञापन सामग्री हटाई। कुछ दुकानदारों ने दुकानों के आगे सड़क तक यह बोर्ड रखकर अतिक्रमण किया हुआ था। इन बोर्ड को भी निगम की टीम ने हटाकर जब्त किया। टीम ने होर्डिंग व बैनरों को उतारकर निगम के वाहनों में लोड़कर से गोदाम में पहुंचाया। उन्होंने बताया कि होर्डिंग व बैनर लगाने के लिए विभिन्न स्थानों पर विज्ञापन साइट बनी हुई है। निर्धारित फीस जमा करवाकर कोई भी इन स्थानों पर अपने होर्डिंग व बैनर लगा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी दुकानदार सड़क पर होर्डिंग, बोर्ड व बैनर रखकर अपना प्रचार न करें। दुकानदार अपनी दुकान के ऊपर बोर्ड व होर्डिंग लगा सकते है। नगर निगम की अनुमति के बिना कोई भी शहर की सड़कों, पार्कों व सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग और बैनर न लगाए। बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग व बैनरों को उतारकर जब्त कर लिया जाएगा। शहर में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग व बैनर हटाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

महिला व बाल सुरक्षा को लेकर स्कूलों में चलाया विशेष जागरूकता कार्यक्रम

यमुना संदेश, दीपक नरुला : जिला पुलिस करनाल द्वारा बच्चों व युवाओं को सामाजिक बुराइयों से दूर रखने तथा कानून के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पुलिस करनाल की काउंसलिंग सेल इंचार्ज निरीक्षक राजेश लता द्वारा विद्यालय स्तर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चिड़ाव तथा राजकीय उच्च विद्यालय, शाहपुर,करनाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने भाग लिया। इन महत्वपूर्ण विषयों पर दी गई जानकारी कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक राजेश लता द्वारा विद्यार्थियों को सरल एवं प्रभावी भाषा में निम्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। बाल विवाह निषेध अधिनियम बाल विवाह को अपराध बताते हुए इसके कानूनी परिणामों एवं दंड के प्रावधानों की जानकारी दी गई। मौके पर बच्चों को पोक्सो अधिनियम बच्चों के यौन शोषण से संरक्षण हेतु बनाए गए कानून, बच्चों के अधिकार तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई व बच्चों को इस बारे जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम में लड़कियों को दुर्गा शक्ति ऐप महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए दुर्गा शक्ति ऐप की उपयोगिता, डाउनलोड प्रक्रिया एवं आपातकालीन सहायता के बारे में बताया गया। साथ उन्हें इस एक का इस्तेमाल कैसे करना है आदि बारे जानकारी दी गई। सुरक्षा व जागरूकता संदेश निरीक्षक राजेश लता ने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी, अपराध या शोषण की स्थिति में बिना डरे अपने अभिभावकों, अध्यापकों या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों के प्रयोग की भी जानकारी दी। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून की जानकारी देना, तथा महिला व बाल सुरक्षा के प्रति सजग करना है। जिला पुलिस करनाल द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर जारी रखे जाएंगे ताकि समाज में सुरक्षित, जागरूक एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया जा सके।

भारतीय संविधान के प्रति सम्मान का प्रतीक है गणतंत्र दिवस : सुमन बहमनी

यमुना संदेश, नितिन नागपाल : जिला एवं उप-मंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य, गरिमामय और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, मंच सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और परेड की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 26 जनवरी की हरियाणा सरकार द्वारा नगर निगम मेयर सुमन बहमनी को छछरौली अनाज मंडी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का दायित्व दिया गया है। संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि समारोह को अनुशासित, समयबद्ध और सम्मानजनक ढंग से संपन्न किया जाए, ताकि आमजन को एक प्रेरणादायक और यादगार कार्यक्रम का अनुभव मिल सके। नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने जानकारी देते हुए बताया कि छछरौली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का दायित्व उन्हें सौंपा गया है, जो उनके लिए गर्व, सम्मान और जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हरियाणा सरकार एवं पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। महापौर सुमन बहमनी ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और भारतीय संविधान के प्रति सम्मान का प्रतीक है। यह दिन हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। सरकार द्वारा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति अपनाई जा रही है, जिससे प्रदेश आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मेयर ने कहा कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसमें सड़कें, पार्क, स्वच्छता, जल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देशभक्ति, पर अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही आमजन से अपील की कि वे गणतंत्र दिवस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दें।

महापौर सुमन बहमनी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें लोकतंत्र की शक्ति, राष्ट्रीय एकता और संविधान के प्रति निष्ठा को मजबूत करने की प्रेरणा देता है, और हम सभी को मिलकर एक मजबूत, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए।

संकरे व व्यस्त मार्गों की सफाई के लिए उपयोगी साबित होगी नई स्वीपिंग मशीन : सुमन बहमनी

यमुना संदेश, सोहन लाल : शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक आधुनिक व प्रभावी बनाने की दिशा में नगर निगम लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बुधवार को मेयर सुमन बहमनी ने गोविंदपुरी रोड पर सड़क की सफाई कर रही नई स्वीपिंग मशीन की कार्यप्रणाली का निरीक्ष ण किया। हाल ही में नगर निगम द्वारा 31.50 लाख रुपये की लागत से यह छोटी स्वीपिंग मशीन खरीदी गई है, जिसे शहर के विभिन्न मार्गों व गलियों की सफाई के प्रयोग में लाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मेयर सुमन बहमनी ने मशीन के संचालन की पूरी प्रक्रिया को मौके पर देखा और अधिकारियों से इसके तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह छोटी स्वीपिंग मशीन संकरे और व्यस्त मार्गों पर सफाई के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। मशीन के माध्यम से सड़क पर जमी धूल, मिट्टी, पत्ते और हल्का कचरा

आसानी से साफ किया जा सकता है, जिससे मैनुअल सफाई पर निर्भरता कम होगी और समय की भी बचत होगी। मेयर ने कहा कि आधुनिक मशीनों के उपयोग से शहर की स्वच्छता व्यवस्था में गुणात्मक सुधार आएगा। उन्होंने सीएसआई विनोद बेनीवाल को निर्देश दिए कि मशीन द्वारा मार्गों की सफाई का कार्य सही ढंग से, नियमित और निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कराया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिन मार्गों पर ट्रैफिक अधिक रहता है, वहां सफाई इस प्रकार की जाए कि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नियमित रूप से सफाई बनाए रखने एवं स्वच्छता कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण और स्वच्छ शहर की परिकल्पना को साकार करने के लिए निरंतर नए संसाधन जोड़ रहा है। 31.50 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई यह छोटी स्वीपिंग मशीन पर्यावरण के लिहाज से भी लाभकारी है, क्योंकि इससे धूल उड़ने की समस्या कम होती है और वायु गुणवत्ता में सुधार होता है। निरीक्षण के दौरान मेयर ने कर्मचारियों से भी बातचीत की और उन्हें बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर निगम की रीढ़ हैं और उनके सहयोग से ही शहर को स्वच्छ रखा जा सकता है। सीएसआई विनोद बेनीवाल ने बताया कि नई स्वीपिंग मशीन से प्रतिदिन कई किलोमीटर सड़कों की सफाई की जा सकती है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा। मेयर सुमन बहमनी ने शहरवासियों से अपील की कि वे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। सड़क पर कचरा न फेंकें। घर व दुकानों से निकलने वाला कचरा अलग अलग करके नगर निगम के वाहन में ही डाले और स्वच्छता से जुड़े नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन और आमजन मिलकर प्रयास करते हैं, तभी शहर वास्तव में स्वच्छ और सुंदर बन पाता है।

अनोखे अंदाज में चलाया गया यातायात जागरूकता अभियान

यमुना संदेश, सोहन लाल : सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत डेराबस्सी में एक अनोखा यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में यमराज के रूप में एक कलाकार ने सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों और आम जनता को ट्रैफिक नियमों के पालन का महत्व समझाया। यमराज का यह प्रतीकात्मक रूप लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना और संदेश को गंभीरता से ग्रहण करने में

सहायक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन के नेशनल प्रेसिडेंट अमित मनकट ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जिन दोपहिया वाहन चालकों के पास हेलमेट नहीं थे, उन्हें मौके पर ही हेलमेट वितरित किए गए और जो लोग पहले से हेलमेट पहनकर नियमों का पालन कर रहे थे, उन्हें फूल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की आयोजक रोजी सैनी इस अभियान में समाज सेवी मनप्रीत सिंह बनी संधू, रविन्द्र राकेश शर्मा, बलविंदर सिंह, दलजीत सिंह बाजवा, विकास शर्मा, जीवन शर्मा, बलविंदर कौर, कोमल रानी, मंदाकिनी पहवा, डॉक्टर सत्यम नागपाल, नरेंद्र बक्शी, चिरंजीव शर्मा, नितिन कंसल, दीपक नरूला और अन्य सभी मेंबर उपस्थित थे।

जिला पुलिस का नशा तस्करों के खिलाफ अभियान जारी, मिल रही बड़ी सफलता : पुलिस अधीक्षक

यमुना संदेश, राज कुमार : पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के सकारात्मक व सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक श्री कमलदीप गोयल ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जिसके खिलाफ केवल पुलिस कार्रवाई ही नहीं बल्कि एक व्यापक सामाजिक आंदोलन की आवश्यकता है। इस अभियान में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी बेहद जरूरी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लगभग प्रत्येक आपराधिक वारदात का कहीं न कहीं नशे से संबंध देखने को मिलता है। ऐसे में यदि हमें अपराध मुक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण करना है तो नशे जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य के तहत जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है और उन पर पूरी तरह शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस

द्वारा नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत न केवल नशा तस्करों को गिरफ्तार किया जा रहा है, बल्कि आमजन को जागरूक करने के लिए समय-समय पर सेमिनार, गोष्ठियां और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोग नशे के दुष्परिणामों को समझ सकें और इससे दूर रहें। पुलिस अधीक्षक श्री कमलदीप गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जनवरी 2025 से अब तक जिला पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कुल 117 अभियोग दर्ज किए हैं तथा 272 नशा तस्करों को काबू किया गया है। इस दौरान लाखों रुपये के मादक पदार्थ बरामद कर नशा तस्करी की कमर तोड़ने में जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि के दौरान जिला पुलिस द्वारा 10 किलो 858 ग्राम अफीम, 4 किलो 714 ग्राम अफीम के पौधे, 3 किलो 215 ग्राम चरस, 6 किलो 174 ग्राम हेरोइन, 235 किलो 830 ग्राम चूरा पोस्त, 18 किलो गांजा तथा 12 हजार 823 नशीली गोलियां व 270 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए हैं। यह आंकड़े जिला पुलिस की सक्रियता और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए जिला पुलिस के एंटी नारकोटिक सेल को और अधिक मजबूत किया गया है। आमजन नशा बेचने या तस्करी से जुड़ी किसी भी सूचना को एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज के मोबाइल नंबर 881800-01789 पर व्हाट्सएप या एसएमएस के माध्यम से दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। अंत में पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी धरोहर हैं। उन्हें नशे जैसी बुराई से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए, ताकि वे अपने माता-पिता, समाज और देश का नाम रोशन कर सकें। साथ ही उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की चपेट में है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस का सहयोग लें।

66 केवी ट्रांसमिशन लाईन का किसानों को मिलेगा मार्किट रेट के अनुसार मुआवजा : डी.सी

